अनुक्रमांक ...................................... समय : 2.00 घण्टा

नाम .............................................. पूर्णांक : 50

# प्रश्न-पुस्तिका
# तृतीय सेमेस्टर – 2018
## (शैक्षिक मूल्यांकन, क्रियात्मक शोध एवं नवाचार)

**निर्देश :**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक प्रश्न के सम्मुख दिये गये हैं।
2. इस प्रश्न-पत्र में तीन प्रकार के प्रश्न हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखें। अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग तीस (30) शब्दों में, लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग पचास (50) शब्दों में लिखिए।

---

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**1.** क्रियात्मक शोध के प्रवर्तक हैं— **(1)**

(A) एम.एस. स्टीवेन्स (B) स्टीफन एम. कोर

(C) जी.टी. स्केल्स्टर (D) ब्रेडफील्ड

**2.** सतत एवं व्यापक मूल्यांकन का आरम्भ हुआ— **(1)**

(A) 2009 (B) 2008

(C) 2010 (D) 2011

**3.** रीता ने भाषा में 60 अंक प्राप्त किये हैं। 60 अंक का प्राप्त करना है— **(1)**

(A) मापन (B) मूल्यांकन

(C) परीक्षण (D) उपलब्धि

**4.** ब्लूम टैक्सोनॉमी विकसित हुई— **(1)**

(A) 1957 (B) 1958

(C) 1956 (D) 1965

**5.** प्रोफेसर स्टीफन एम. कोर की पुस्तक है— **(1)**

(A) ऑरिजिन ऑफ स्पीसीज (Origin of Species) (B) एसेन्शियल ऑफ एजुकेशनल मेजरमेंट (Essential of Educational Measurement)

(C) इम्प्रूव एजुकेशन (Improve Education) (D) टू इम्प्रूव स्कूल प्रैक्टिसेस (To Improve School Practices

**6.** निबन्धात्मक परीक्षण के प्रश्न हैं— **(1)**

(A) उत्तरात्मक प्रश्न (B) पुनः स्मरण प्रश्न

(C) प्रत्याभिज्ञान प्रश्न (D) बहुवचन प्रकार वाले प्रश्न

**7.** वस्तुनिष्ठ परीक्षा की विशेषता नहीं है— **(1)**

(A) समय की मितव्ययिता (B) फलांकन की सुभमता

(C) पाठ्यक्रम की व्यापकता (D) रचना एवं प्रशासन की सुभमता

**8.** "समस्या हमारी और हल भी हमारा" यह लक्ष्य है— **(1)**

(A) मौलिक शोध का (B) व्यावहारिक शोध का

(C) क्रियात्मक शोध का (D) उपयुक्त सभी का

**9.** शैक्षिक मूल्यांकन का अंग है— **(1)**

(A) व्यवहारात्मक अनुभव (B) प्रेरणात्मक अनुभव

(C) स्मृति अनुभव (D) अधिगम अनुभव

**10.** परिकल्पना होती है— **(1)**

(A) समाधान का पूर्व अनुमान
(B) समाधान का बाद में अनुमान
(C) शोध के मध्य में अनुमान
(D) कोई अनुमान ही नहीं जाता

**11.** मापन का सामान्य सिद्धान्त सम्बन्धित है— **(1)**

(A) गणित से
(B) विज्ञान से
(C) भूगोल से
(D) अर्थशास्त्र से

**12.** "मापन किन्हीं निश्चित स्वीकृत नियमों के अनुसार वस्तुओं को अंक प्रदान करने की प्रक्रिया है।" कथन है— **(1)**

(A) स्टेनफोर्ड
(B) एम.एस. स्टीवेन्स
(C) बेस्टुडर सेल
(D) गुप्त

**13.** शैक्षिक उद्देश्य के अंग हैं— **(1)**

(A) बालक
(B) समाज
(C) विषयवस्तु
(D) उपयुक्त सभी

**14.** बालक के विभिन्न कौशल विकसित होने वाला क्षेत्र है— **(1)**

(A) ज्ञानात्मक क्षेत्र
(B) भावात्मक क्षेत्र
(C) क्रियात्मक क्षेत्र
(D) उपयुक्त सभी

**15.** बौद्धिक योग्यता में बोध का अंग नहीं है— **(1)**

(A) अनुवाद
(B) विवेचना
(C) वर्गीकरण
(D) अभाविस्तार

## अति लघु उत्तरीय प्रश्न

**16.** क्रियात्मक शोध का मूल मन्त्र क्या है? **(1)**

**17.** मूल्यांकन प्रक्रिया के मुख्य अंग कौन से हैं? **(1)**

**18.** क्रियात्मक शोध के चरण क्या हैं? **(1)**

**19.** सतत एवं व्यापक मूल्यांकन किसके द्वारा शुरू की गई है? **(1)**

**20.** निबन्धात्मक परीक्षा के प्रकार बताइए। **(1)**

**21.** आंकलित मूल्यांकन से क्या समझते हैं? **(1)**

**22.** शिक्षा में नवाचार का क्या अर्थ है? **(1)**

**23.** उत्तम परीक्षण की विशेषताएँ बताइए। **(1)**

**24.** मापन के प्रकार बताइए। **(1)**

**25.** क्रियात्मक शोध की समयावधि क्या है? **(1)**

**26.** विश्वसनीयता किसे कहते हैं? **(1)**

**27.** निदानात्मक परीक्षण किस प्रकार के छात्रों का किया जाता है? **(1)**

**28.** उपचारात्मक परीक्षण के उद्देश्य बताइए। **(1)**

**29.** दक्षता आधारित मूल्यांकन से आप क्या समझते हैं? **(1)**

**30.** शिक्षण प्रक्रिया का दृष्टि से ज्ञानात्मक पक्ष के स्तर कौन से हैं? **(1)**

## लघु उत्तरीय प्रश्न

**31.** बालक के भावात्मक पक्ष का वर्गीकरण ब्लूम ने किस प्रकार किया है? समझाइए। **(2)**

**32.** प्रतिमान संदर्भित तथा कसौटी संदर्भित परीक्षण में क्या अन्तर है? **(2)**

**33.** क्रियात्मक शोध की उपयोगिता बताइए। **(2)**

**34.** मूल्यांकन की विशेषताएँ बताइए। **(2)**

**35.** वस्तुनिष्ठ प्रश्न के प्रकारों का वर्णन करें। **(2)**

**36.** रचनात्मक मूल्यांकन क्यों आवश्यक है? स्पष्ट करें। **(2)**

**37.** परीक्षण एवं मापन में अन्तर स्पष्ट कीजिए। **(2)**

**38.** शैक्षिक मापन एवं मूल्यांकन की अवधारणा स्पष्ट कीजिए। **(2)**

**39.** पाठ्य सहगामी क्रियाकलापों में उपयोग की जाने वाली दो शैक्षिक नवाचारों का उदाहरण दीजिए। **(2)**

**40.** प्रश्न निर्माण प्रक्रिया में ब्लू प्रिन्ट की क्या भूमिका है? **(2)**

---

**UPDELEDSTUDY.IN**

1. इस प्रश्न-पत्र का विस्तृत हल यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/pyqs/semester-3/shaikshik-mulyankan-kriyatmak-shodh-evam-navachar/2018

2. शैक्षिक मूल्यांकन, क्रियात्मक शोध एवं नवाचार का MCQ टेस्ट यहाँ दें:
https://updeledstudy.in/mcq-tests/semester-3/shaikshik-mulyankan-kriyatmak-shodh-evam-navachar/

3. शैक्षिक मूल्यांकन, क्रियात्मक शोध एवं नवाचार के नोट्स यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/study-materials/semester-3/shaikshik-mulyankan-kriyatmak-shodh-evam-navachar/

---

**हमसे जुड़ें**

Telegram: https://t.me/updeledstudyin
YouTube: https://youtube.com/@updeledstudyin

© UPDELEDSTUDY.IN